## खबर संक्षेप

### अधिसूचित फसलों का प्रीमियम नामे करने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2024 की हल्कावार, तहसीलवार एवं जिलावार अधिसूचित की जाने वाली फसलों की सूची राजपत्र 06 जून 2024 में एवं खरीफ 2024 व रबी 2024-25 में प्रति हेक्टेयर बीमित राशि की अधिसूचना भी मध्यप्रदेश के राजपत्र 30 अप्रैल 2024 में प्रकाशित की जा चुकी है। यह दोनों अधिसूचनायें राज्य शासन की बेवसाईट www.govt-pressmp.nic.in पर उपलब्ध हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये हैं कि प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार अधिसूचित इकाई की अधिसूचित फसलों का ही प्रीमियम नामे कर फसल बीमा किया जाये तथा यह सावधानी अनिवार्यतः रखी जाये कि गैर अधिसूचित फसलों का प्रीमियम नामे नहीं किया जाये। फसल बीमा पोर्टल पर बीमित कृषकों की प्रविष्टि के लिये पोर्टल शासन स्तर से पृथक से खोला जायेगा। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों एवं समिति प्रबंधकों को अधिक से अधिक बीमा कवरेज देने के लिये निर्देश दिये हैं ।

### जिले में अभी तक 231.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 231.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 278.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 06 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 19.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 06 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 30.6, मोहखेड़ में 61, तामिया में 06, अमरवाड़ा में 12.2, चौरई में 39, बिछुआ में 17.6, परासिया में 8.3, जुन्नारदेव में 4.6, चांद में 22 और उमरेठ में 10.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 210.5, मोहखेड़ में 222, तामिया में 253, अमरवाड़ा में 311, चौरई में 227.8, हर्रई में 126, बिछुआ में 320.6, परासिया में 181.2, जुन्नारदेव में 190, चांद में 308.2 वर्षा दर्ज की गई।

### बिजोरी में अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए बनी जांच चौकी से गुजर रहे रेत के वाहन

# एनजीटी की रोक के बावजूद दिन के उजाले में बैखौफ निकाल रहे रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया तहसील में आने वाले कुर्सी ढाना, देलाखारी, झिरपा चावल पानी बागई कपूर नाला सहित क्षेत्र में जितने भी राजस्व एवं वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन वेखौफ होता चला रहा है, जिसकी रोकथाम के लिए प्रमुख सचिव खनिज निकुंज श्रीवास्तव का बयान सभी अखबारों प्रकाशित हुआ था कि सभी कलेक्टर माइनिंग अफसर को रेत के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाने आदेश निर्देश दिए गए थे। लेकिन वह केवल निर्देश तक ही सीमित रहे, लेकिन वर्तमान में एनजीटी ने जलचर प्राणियों के प्रजनन प्रक्रिया के मददे नजर रेत के अवैध उत्खनन पर पूर्णत प्रतिबंध लगा रखा है। लेकिन तामिया तहसील में शाम से लेकर सुबह तक ट्रैक्टर एवं ट्रैकों से रेत का परिवहन खुलेआम किया जा रहा है। एनजीटी के आदेश निर्देशों की खुली आवेहलना देखी जा सकती है क्योंकि रेत को बगैर ढँके निकलते देखा जा सकता हैं।

ऐसा इसलिए है कि इन्हें पुलिस खनिज राजस्व विभाग का खुला संरक्षण है। इसी के बलबूते रेत चोर शासन प्रशासन को खुली चुनौती देकर दिन के उजाले में टोल टैक्स चुकाकर रेत कुआं बादला वन चौकी तहसील कार्यालय के बाद वर्तमान में अमरवाड़ा विधानसभा चुनाव हेतु बनी जांच चौकी को पार कर बिजोरी छिंदी जा रहे हैं तो समझा जा सकता है कि शासन प्रशासन का डर नाम की चीज नहीं है और वे खुलेआम प्रमुख सचिव के आदेश निर्देशों की तामिया के स्थानीय अधिकारी की मिली भगत से अवेहलना करवा रहे हैं। आज प्रातः 6:00 बजे के करीब ट्रैक्टर इन सारी उल्लेखित प्रतिबंधित जगह से होकर गुजरा।

जिला प्रशासन को यदि शासन प्रशासन वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देशों की परवाह है तो इन रेत चोरों से मिलने वाली मंथली का मोह छोड़कर अपने कर्तव्य का पालन करते हुए। शासन और प्रशासन के आदेशों का पालन करने कार्यवाही कर रेत चोरी रोकने के लिए आगे आना होगा।

### स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर पर कार्यवाही की मांग

# नियमों को ठेंगा दिखाकर नगर में चल रही है निजी स्कूलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर के बेलगांव मार्ग पर संचालित होने वाली स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल संचालक प्राचार्य के द्वारा आरटीई के छात्रों से विभिन्न कार्यक्रमों के साथ 500 रुपये की शाला विकास समिति के नाम पर वसूली करने को लेकर दस्तावेजों के साथ में ज्ञापन शिकायत की गई। शिकायत होने के बावजूद भी स्कूल पर प्रशासन के अधिकारी कार्रवाई करने के मूड में नजर नहीं आ रहे है।छात्र माता-पिता के द्वारा स्कूल में चल रही अनियमितताओं की जांच कार्रवाई करने की मांग की गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ज्ञापन के बाद में शनिवार को तहसील कार्यालय में के माता पिता को अधिकारियों के द्वारा बुलाया गया था। परंतु पालक को समाधान पूर्वक जवाब नहीं देते हुए पुनः सोमवार को कार्यालय में बुलाया गया है। अधिकारियों को सोपे ज्ञापन में छात्र के माता-पिता के द्वारा फीस वसूली की रसीदें और दस्तावेज भी सौंपे गए बावजूद स्कूल पर कार्रवाई जांच शून्य है।

### आरटीई के छात्र से शाला विकास के नाम पर 500 की काटी रसीद

चर्चा के दौरान पालक राधेश्याम खवसे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलगांव में सत्र 2023-24 में बालक रोहितकक्षा 8 में निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अध्ययनरत है। उक्त स्कूल द्वारा बालक का आरटीई में अध्ययनरत होने के पश्चात भी कक्षा 8वी के परीक्षा फार्म भरने हेतु सास्कृतिक कार्यकम, डोनेशन एवं अन्य प्रकार की फीस स्कूल द्वारा बच्चे से ली गई। जो कि शासन के नियम से गलत अपराध है। इसके पश्चात स्कूल संचालक द्वारा बालक का कक्षा आठवी बोर्ड परीक्षा का फार्म तभी भरा गया। जब तक स्कूल को 600 रू नही दिये गए।

# डेढ़ माह बाद कंकाल के रूप में मिला गुमशुदा का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रावनवाड़ा बस्ती बांस टोला से लगे जंगल में डेढ़ माह बाद गुमशुदा हुए व्यक्ति का शव कंकाल के रूप में मिला । ग्राम पंचायत दीघावानी के वार्ड क्रमांक 13 निवासी मृतक 54 वर्षीय प्रमोद चौहान बताय जा रहा है।गौरतलब है कि शनिवार सुबह शिवपुरी पुलिस को रावनवाड़ा बस्ती से लगे जंगल में एक पेड़ पर कंकाल लटका होने की सूचना मिली । पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कंकाल को पेड़ से उतारा । खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई । पुलिस ने थाने में दर्ज गुमशुदगी के आधार पर संबंधित परिजनों को बुलाया । गौरतलब है कि ग्राम पंचायत दीघावानी से चौहान परिवार की ओर से मृतक के पुत्र के द्वारा शिवपुरी थाने में 29 म ई को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी । जिसमें बताया गया था , कि 54 वर्षीय प्रमोद चौहान 28 म ई को घर से चक्की जाने का कहकर निकला था । शाम को घर नहीं आया । प्रमोद चक्की चलाने का काम करता है । इसी आधार पर पुलिस ने प्रमोद के परिजनों को शिनाख्त के लिए बुलाया । प्रमोद की पत्नी ने कंकाल के साथ मिले सामानों को देखकर स्वीकार किया कि कंकाल प्रमोद चौहान का ही है । बताया जा रहा है , कि मृतक ने खुद को फंदा डालकर पेड़ से लटका लिया ।

### निशुल्कः एण्टीरेबीज टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** वर्ल्ड जूनोसिस डे पर आज जिला पशु चिकित्सालय छिन्दवाड़ा में निःशुल्क एण्टीरेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन इण्डियन इम्यूनोलॉजिकल एवं पीआरपीसीएस ईकाई छिन्दवाड़ा के सहयोग से किया गया। डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने बताया कि शिविर के माध्यम से पशुओं से मनुष्यों में होने वाली बीमारी की जागरुकता एवं रोकथाम के लिये जानकारी पशुपालकों को प्रदान की गई। इस अवसर पर पीआरपीसीएस के छिन्दवाड़ा ईकाई के अध्यक्ष डॉ.एम.के. मोर्य ने बताया कि श्वान पालकों को समय-समय पर एण्टीरेबीज टीका पशु चिकित्सक की सलाह पर लगवाना चाहिये जिससे वह रेबीज जैसी गम्भीर बीमारी से बच सकें। सिविल सर्जन डॉ.छत्रपाल टाण्डेकर ने बताया कि शिविर में 95 श्वानों को टीका लगाए।

# कांग्रेस, भाजपा, गोंडवाना तीनों पार्टियों ने किया शक्ति प्रदर्शन

### उपचुनाव को लेकर पार्टियां लगा रहे पूरा जोर, कमलेश शाह, धीरन शाह और देवरावेन भलावी में जबरदस्त टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



जैसे-जैसे अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव की तारीख पास आते जा रही है, ठीक उसी प्रकार सभी पार्टी अपनी अपनी तीखी नोंकझोंक करते हुए नजर आ रहे है। अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के चलते चुनाव प्रचार बहुत तेजी से बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इसी के चलते शनिवार के दिन कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी धीरेंन शाह के पक्ष में सिंगोड़ी बस स्टैंड से चुनावी रैली निकाली गई। रैली में विधायक विजय चौरे सहित कांग्रेस पार्टी के अनेक नेतागण और कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड सिंगोड़ी में नुक्कड़ सभा की और कांग्रेस पार्टी अमरवाड़ा उपचुनाव से प्रत्याशी धीरेंन शाह के पक्ष में जनता से वोट मांगते हुए नजर आए। इस अवसर पर रैली ग्राम के विभिन्न मार्ग से होते हुए निकाली गई और कांग्रेस द्वारा सघन जनसंपर्क कर आने वाले 10 जुलाई को मतदान के लिए जनता से वोट मांगते हुए नजर आए।

### भाजपा का दिख रहा चुनावी रंग



अमरवाड़ा विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही क्षेत्र में चुनावी रंग दिखने लगा है। इसी के चलते सिंगोड़ी में भाजपा नेताओं के द्वारा बस स्टैंड सिंगोड़ी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया गया। भाजपा नेताओं ने अपने वक्तव्य में अमरवाड़ा विधानसभा के उप चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी कुंवर कमलेश प्रताप शाह को भारी वोटों से विजय बनाने के लिए उपस्थित जनता से आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर भी खूब निशाना साधा आखिर कांग्रेस ने छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में क्या विकास किए बताओ कांग्रेस ने आज तक सिंगोड़ी में कॉलेज नहीं बनवाया न ही उपतहसील बनवाया और न तो नगर परिषद बनवाया आदि अनेक आरोप लगाते हुए भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह के पक्ष में वोट मांगे।

### गोंडवाना प्रत्याशी ने मांगा आशीर्वाद



अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के चलते सिंगोड़ी हाट बाजार होने के चलते अमरवाड़ा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी देवरावेन भलावी ने स्थानीय बांका रोड सिंगोड़ी से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाली और लोगों से जनसमर्थन के साथ आशीर्वाद लेते हुए जनता से अपने पक्ष में वोट मांगे। इस अवसर पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी देवरावेन भलावी ने कहा कि अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की आदिवासी जनता के साथ भाजपा और कांग्रेस पार्टी दोनो ने छलावा किया है उनकी सरकार में बेरोजगारी , महंगाई , बिजली पानी और सड़क की समस्या बनी हुई है हम सिर्फ विकास के मुद्दों पर लड़ रहे है आदि अनेक बाते कर लोगो से वोट मांगा। इस अवसर पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अनेक कार्यकर्ता गण और नेतागण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मोक्षधाम में किया पौधरोपण



**बिछुआ।** ग्राम पंचायत उल्हावाड़ी में शनिवार को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती 2024 पर मोक्षधाम में ग्रामीणों के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया, इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर जी ने अपनी माँ स्व.श्यामवती ठाकुर के नाम पर पौधारोपण किया,इसी कड़ी में 24 ग्रामीणों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान में मोक्षधाम में 24 कदम के पौधों का पौधारोपण किया गया,इस दौरान मुख्य रूप जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर,अरुण साहू,विक्रम ठाकुर,सरपंच संगम सानिया,मोतीसिंह ठाकुर,सचिव विष्णुप्रसाद शर्मा,रोजगार सहायक आनंद वानखेडे,अजय साहू,वरुण साहू,यशवंत साहू,सहित दर्जनों ग्रामीण जन उपस्थित रहे,एवं अपनी माँ के नाम पर पौधारोपण किया।

# मालेगांव से निकल रहे ओवरलोड सफेद पत्थर के ट्रक

### पुलिस, अधिकारियों के नाक के नीचे हो रहा ओवरलोड परिवहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

इन दिनों मालेगांव मार्ग पर लगने वाली खदानों से बड़े पैमाने पर डंपरों में 30 से 35 टन का अवैध रूप से ओवरलोड परिवहन किया जा रहा है। पारडसिंगा के रास्ते मालेगांव की खदानों से निकलने वाले सफेद पत्थरों से भरे डंपर,यात्रियों,महिलाओं स्कूली छात्र-छात्राओं, ग्रामीण महिलाओं एवं खासतौर पर दो पहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना भारी साबित हो रहे हैं।हर दिन मालेगाव मार्ग से डंपरों में भरकर निकलने वाले डोलामाईन पत्थर से दुर्घटना भी हो रही है। डंपरों में सफेद पत्थर ओवरलोड 10 चक्का डंपर सड़क पर मौत लेके दौड़ रहे है। मालेगांव मार्ग की डोला माईन खदानो से हर दिन 10 चक्का डंपर ओवरलोड भरकर औद्योगिक क्षेत्र की कुछ कम्पनीयो पहुच रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि इस ग्रामीणसड़क पर 10 टन के ऊपर कोई भी वाहन नहीं चलेगा,जिसका बोर्ड संबंधित विभाग द्वारा सड़क के किनारे लगाया है,बावजूद इसके प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए बड़े पैमाने पर 30 टन से ऊपर का परिवहन हर दिन खुलेआम किया जा रहा है।इस सड़क पर अवैध रूप से दौड़ रहे पत्थरों के ओवरलोड परिवहन पर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार संबंधित विभाग के अधिकारी भी नतमस्तक नजर आते हैं।पिछले कुछ दिनों से इन डंपरों से परिवहन हो रहे सफेद पत्थर बिना ट्रिपाल ढके जा रहे।पारड़सिंगा खेरितायगाय रेमंड चोक नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग से ओवरलोड डंपर आवागमन करते हैं,वहां लोगों के चेहरे आखों ने छोटे पत्थर धूल उड़ती रहती है।तिरपाल ढके नहीं होने के कारण कई बार डंपर में रखे हुए पत्थर भी सड़क पर गिरते है।10 चक्का डंपर में क्षमता से अधिक पत्थर भरकर परिवहन हो रहा है।जिसके चलते सावंगा का रोड पूरी तरह खराब हो चुका है। मालेगांव मार्ग पर लगने वाली खदानों से हर दिन ओवरलोड ट्रक सड़को पर बेलगाम दौड़ रहे हैं, जिसके चलते किसी दिन बड़ी दूरघटना की आशंका ग्रामीणों के द्वारा व्यक्त की जा रही है। मालेगांव मार्ग की खदानों से निकलने वाले ओवरलोड डंपरों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लगाए 1000 से भी अधिक पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शासन के मंशानुरूप एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत छिंदवाड़ा वृत्त के छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में बिजली विभाग द्वारा आज बनगांव वितरण केंद्र प्रांगण में पौधारोपण किया गया। साथ ही इस अभियान को आगे भी जारी रखने के लिये संकल्प लिया गया। पौधारोपण के इस महाअभियान के अवसर पर म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी ने अपने परिवार के साथ एवं कार्यपालन अभियंता पूर्व संभाग श्री संजय सिंह, कार्यपालन अभियंता शहर संभाग श्री विलास महाजन, अधीक्षण अभियंता सिविल श्री एस.बी.इनवाती, कार्यपालन अभियंता सिविल श्री एस.एस.चौहान, वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री करण पालीवाल एवं प्रशासनिक भवन खजरी के सभी कर्मचारियों की सहभागिता से बनगांव वितरण केंद्र के प्रांगण में पौधारोपण किया गया एवं संकल्प लिया गया कि आज जो भी पौधे लगाए गए हैं उनकी अच्छे से देखभाल कर इनको बड़ा कर इस महाअभियान को सफल बनाएंगे।

# सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत कलेक्टर सिंह ने किया एसआरएस का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा के ऑडिटोरियम हॉल में आज ₹सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम (एस.आर.एस.)₹ का शुभारंभ किया । जिले में कार्यरत गैर-सरकारी संस्था 'अंतरा फाउंडेशन' ने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ सहभागिता कर ₹सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम₹ का निर्माण किया है। इस ₹सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम₹ से पर्यवेक्षकों द्वारा कार्य में प्राथमिकीकरण करने, उच्च जोखिम वाले लाभार्थियों की पहचान एवं उपचार करने, प्राथमिकता के अनुसार दौरे एवं समीक्षा कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के 300 से अधिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्री सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा ब्लॉक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.एन.के.शास्त्री, जिला अस्पताल से सुश्री शोभा मोइत्रा, सिविल सर्जन डॉ.सोनिया, एस.एन.सी.यू नोडल अधिकारी डॉ.लाम्बा, डीपीएम, डीसीएम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मोनिका बिसेन के साथ ही जिले एवं ब्लॉक के सभी बीएमओ, सीडीपीओ, बीपीएम, बीसीएम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह ने सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम (एस.आर.एस.)₹ का शुभारंभ करते हुए एक कहानी के माध्यम से सभी को संबोधित करते हुये बताया कि छिंदवाड़ा जिले को अगर हमें स्वस्थ जिला बनाना हैं, तो दोनों विभागों के स्वास्थ कर्मचारियों को मिलकर मातृ तथा शिशु स्वास्थ एवं पोषण पर सुचारु रूप से कार्य करना होगा।

### सांसद ने अमरवाड़ा उपचुनाव में किया सघन जनसम्पर्क

# भाजपा को जिताकर अमरवाड़ा को कांग्रेस से मुक्ति दिलाए-सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार हैं भाजपा जीतेगी तो विकास के रास्ते खुलेंगे, कमलेश शाह जी तीन बार के विधायक रहें तीनों बार प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। वे विकास नहीं कर पा रहें थे। इसलिए उन्होंने आदिवासी क्षेत्र को विकसित करने के लिए भाजपा का दामन थामा।

श्री बंटी विवेक साहू ने अमरवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों मरकावाड़ा, बिनाई, बिल्हेरा, बरेला सहित दर्जनों ग्रामों में सघन जनसम्पर्क के दौरान व्यक्त किये। सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने नुक्कड़ सभाओ को संबोधित करते हुये कहा कि सत्ताधारी दल का जो विधायक होता है वह मंत्री से कम नहीं होता। जबकि विरोधी दल के विधायक की चलती नहीं हैं कमलेश शाह जी विकास नहीं कर पा रहें थे। उनके मन में पीड़ा थीं। क्षेत्र की जनता उनके पास जा रही थी इसलिए उन्होंने भाजपा में आने का निर्णय लिया। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. श्री मोहन यादव जी लगातार अमरवाड़ा आ रहें हैं। अमरवाड़ा का विकास उनकी प्राथमिकता मे हैं भाजपा का मतलब विकास हैं जबकि कांग्रेस भ्रष्टाचार और विनाश की पार्टी हैं। उन्होंने कार्यकर्ता से आव्हान किया कि आने वाले विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को जिताने पूरी ताकत से जुट जाये और अमरवाड़ा को कांग्रेस से मुक्ति दिलाए। सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने उद्बोधन में केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुये, कहा कि निःशुल्क राशन दिया जा रहा हैं, लाडली बहना योजना का लाभ हर घर में मिल रहा है, भाजपा ने किसानों का सम्मान बढ़ाया है, केन्द्र और प्रदेश सरकार से किसानों को सम्मान निधि सीधें उनके खातों में डाली जा रही है और भी कई योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने ने आमजनता से क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को जिताने की अपील की। कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, लखन वर्मा, भगवंत पटेल, धनराज पटेल, गुरूप्रसाद, सीताराम पटेल और अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनसम्पर्क के दौरान भाजपा में शामिल हुये युवा

सांसद श्री बंटी विवेक साहू जी के जनसम्पर्क के दौरान मरकावाड़ा क्षेत्र के युवा भाजपा में शामिल हुए इस दौरान सांसद श्री साहू ने भाजपा का गमछा पहनाकर दर्जनों युवाओं का स्वागत किया।

### श्रीराम तिराहे से रेलवे क्रॉसिंग तक का मार्ग आवागमन हेतु प्रतिबंधित

# शहर में प्रवेश के लिए तीन वैकल्पिक मार्गों को प्रशासन ने दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आगामी 8 जुलाई को प्रातः 6:00 बजे से श्रीराम तिराहे से जुन्नारदेव शहर पहुंच मार्ग को नियमित आवागमन से पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। लगभग एक पखवाड़े तक जारी रहने वाला यह प्रतिबंध के चलते इस मार्ग पर किसी भी प्रकार के छोटे, बड़े या मझौले वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे। प्रशासन ने ट्रांसपोर्टर, आमजन, जनप्रतिनिधिगण एवं पत्रकारों के साथ आज हुई एक बैठक के उपरांत यह बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन का यह फैसला जुन्नारदेव-तामिया सड़क मार्ग तथा उड़ान पुल के निर्माण कार्य में आ रही बाधा को दूर करने, निर्माण कार्य के दौरान होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को टालने तथा इनके निर्माण कार्य को द्रुत गति से पूर्ण करने के उद्देश्य से लिया है। अब जुन्नारदेव शहर के भीतर पहुंचने वाले इस मार्ग के बंद हो जाने के बाद प्रशासन के द्वारा अन्य तीन वैकल्पिक मार्गो से आवागमन की सुविधा



बहाल करने की व्यवस्था बनाई गई है। इसमें से बतौर पहले विकल्प के दमुआ मार्ग पर स्थित मां खेड़ापति मंदिर से कपूर की चाल होते हुए अष्टभुजा चौक से जुन्नारदेव शहर के भीतर पहुंचा जा सकेगा। दूसरे विकल्प के बतौर दांतलो मार्ग से वार्ड क्रमांक 7 लोको/सिनेमा रोड से जुन्नारदेव शहर में आया जा सकता है। बड़े एवं भारी वाहनों के लिए प्रशासन के द्वारा विशेष रूप से परासिया की ओर से इकलहरा होते हुए मोरकुंड से टाटरवाड़ा पहुंचकर जुन्नारदेव शहर में प्रवेश किया जा सकता है। शनिवार को आयोजित इस बैठक में यह भी तय किया गया कि इस मार्ग पर आवागमन के प्रतिबंध की इस संपूर्ण कार्रवाई के लिए स्थानीय नगर पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा सड़क निर्माण कंपनी के मध्य साझा समन्वय होगा। इसके अतिरिक्त सड़क निर्माण की कार्य प्रगति की रिपोर्ट सड़क निर्माण कंपनी को स्थानीय प्रशासन को प्रत्येक 3 दिन में देना होगा।

#### आवागमन में प्रतिबंध का यह है कारण

बीते लगभग 30 वर्षों के लंबे अंतराल के उपरांत जुन्नारदेव-तामिया के 26 किलोमीटर लंबे जर्जर सड़क निर्माण का अब कायाकल्प हो रहा है। इस सड़क का निर्माण एशियाई विकास बैंक के द्वारा प्रदत्त रुपए 133 करोड़ की सहायता से किया जा रहा है। संभवतः मध्य प्रदेश का यह पहला ऐसा उड़ान पुल और सड़क का निर्माण कार्य है जो एशियाई विकास बैंक के शत प्रतिशत सहायता से किया जा रहा है। इस सड़क और उड़ान पुल का निर्माण नोएडा/गुरुग्राम की कंपनी एएस कंस्ट्रक्शन कम्पनी के द्वारा किया जा रहा है। अब जब लगभग 30 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जुन्नारदेव तामिया सड़क मार्ग का पुनर्निर्माण हो रहा है, तब ऐसी स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मिलकर इस सड़क व उड़ान पुल का व्यवस्थित एवं बेहतरीन निर्माण कार्य कर सकते थे, लेकिन यह दुर्भाग्य ही रहा कि शहर के विकास एवं सौंदर्य के प्रति स्थनीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियो ने लगातार लापरवाही बरती है। यही कारण है कि इस सड़क मार्ग का निर्धारण स्वरूप के तहत निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि सड़क की चौड़ाई और पुल की लंबाई को लेकर आम जन में निराशा है। स्थानीय जनता की मनोकामना के तहत चिकलमऊ चौक, डॉ भीमराव अंबेडकर चौक तथा चर्च स्थित श्रीराम तिराहे पर बड़े चौक बनाकर सौंदर्यीकरण किया जा सकता था। इसके अतिरिक्त जुन्नारदेव विशाला से श्री राम तिराहे तक इस सड़क में डिवाइडर बनाकर एक नई व्यवस्था बनाई जा सकती थी, लेकिन स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण यह एक बेहतरीन मौका अगले 30 वर्षों तक टल गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पंडित नेहरू स्टेडियम और एचडीएफसी बैंक के अतिक्रमण को हटाकर शहर में एक नई बेहतरीन यातायात व पार्किंग व्यवस्था दी जा सकती थी।

## नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक एक में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र-1 मोक्षधाम में पौधा रोपण किया गया। शासन के निर्देश अनुसार नगरीय क्षेत्र में चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वार्ड क्र-1 स्थित मोक्षधाम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, अपील समिति सदस्य संजय जैन, सभापति राजेन्द्र सूर्यवंशी, पार्षद प्रमोद बंदेवार, भाजपा नेता शरद कुरोलिया, देवेन्द्र टांडेकर,विजय पाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे, सहित निकाय के सभी कर्मचारियों ने आम, जामुन,नीलगिरी, गुलमोहर, आँवला, अमरुद, अकेशिय, अशोक, केशिया आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पौधा रोपण किया।

# नवांकुर संस्था के द्वारा नांदना ग्राम में किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

मध्य प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार पर्यावरण संरक्षण के लिए वर्तमान में पूरे मध्य प्रदेश मे चल रहे अभियान एक पेड़ माँ के नाम जो एक जुलाई से पंद्रह जुलाई तक चलना है इसी क्रम मे जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन जी के निर्देशन ओर ब्लॉक समन्वयक जुन्नारदेव के श्री संजय बामने जी के मार्गदर्शन मे परामर्शदाता श्री मुकेश यदुवंशी जी की उपस्थिति मे दमुआ सेक्टर क्रमांक -4 की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना के तत्वधान मे ग्राम नांदना मे 25 फलदार पौधे रोपे गए जिसमे आ म , आ व ला , अ म रु द , औ र मोहागनिया आदि पौधे का रोपण किया गया जिसमे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी, कमल बेलवंशी, MSW छात्र रियन राकेसिया, हेमलता नागवंशी ,अमन आरसे ,श्रीमती वंदना श्रीवास्तव (शिक्षक) श्रीमती रेखा डोंगरे (शिक्षक)श्रीमती सारिका मैडम ,क्रांति बेलवंशी ,रामप्यारी बेलवंशी,प्रहलाद बेलवंशी आदि ग्रामवासियो की उपस्थिति मे संपन्न हुआ अंत मे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी द्वारा बताया गया की हमे अपने घरों के आसपास पौधा रोपण करना चाहिये जिससे की पर्यावरण संरक्षण हेतु बहुत जरूरी है ये अभियान निरंतर पंद्रह दिनों तक अपने सेक्टर की सभी प्रस्फूटन समितियों से सहयोग से पौधा रोपण सभी ग्रामों में होना है।

### दमुआ कॉलेज में लगाए पौधे

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के अन्तर्गत आज रसायों के बैनर तले शासकीय महाविद्यालय दमुआ में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर ,₹एक पेड़ अपनी मां के नाम ₹ अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर प्रकृति के प्रति करबद्ध रहने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना ने चलाया एक पेड़ मां के नाम अभियान



**जुन्नारदेव**। प्रकृति को हरा भरा रखने और संजोने के लिए भारत सरकार द्वारा अनेकों महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं इसी कड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलाया जा रहा है शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ वायके शर्मा के मार्गदर्शन में एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ संगीता वाशिंगटन एवं एनएसएस अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के विद्यार्थियों सहित एनएसएस अधिकारी एवं अतिथियों ने एक पौधा मां के नाम के तहत पौधारोपण कर पौधों को मां का नाम दिया एवं पौधों की देखरेख की शपथ भी ली दो नागवंशी द्वारा इस अभियान में विद्यार्थियों से कहा गया कि वह अपने जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण एवं सेकंड वृक्षारोपण के उद्देश्य से पौधारोपण कर नेक कार्य करें। अतिथि के रूप में शासकीय पेंचवेली महाविद्यालय परासिया से डॉ प्रभाती आमरवंशी द्वारा अपने उद्बोधन में प्रकृति को हरा भरा रखने और संगीन के लिए पौधारोपण की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए गए। प्रभारी प्राचार्य डॉ वाशिंगटन द्वारा बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव और तापमान को कम करने के लिए पौधारोपण के साथ-साथ पौधों को वृक्ष बनते तक उनकी देखरेख करने की बात कही गई।

## शासकीय कॉलेज में किया दीक्षांत समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में दीक्षारंभ समारोह सत्र 2024 25 का आयोजन किया गया। आज शासकीय महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी एवं प्रवेश प्रभारी श्री राजकुमार कुशवाहा जी के मार्गदर्शन में समस्त नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए प्रवेश महोत्सव के रूप में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक स्टाफ द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए पाठ्यक्रम अध्ययन के लिए मार्गदर्शन दिए गए।




#### पुस्तकालय का भ्रमण एवं एनईपी पर हुई चर्चा

**दमुआ**। शासकीय महाविद्यालय दमुआ में दीक्षारंभ समारोह सत्र 2024 25 के आयोजन मैं पुस्तकालय का भ्रमण एवं NEP पर चर्चा आज दिनांक 02/07/2024 को शासकीय महाविद्यालय दमुआ में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी एवं प्रवेश प्रभारी श्री राजकुमार कुशवाहा जी के मार्गदर्शन में समस्त नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए प्रवेश महोत्सव के रूप में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक स्टाफ द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए NEP के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के बारे में विस्तार से डॉक्टर राजेश लोखंडे जी जानकारी दी गई नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया।

### नगर के युवाओं की बेहतरीन पहल से मोक्षधाम हो रहा सौन्दर्यीकृत

**वारासिवनी**। शहर के मोक्षधाम में आज पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक संस्थानों सहित सरकारी कर्मचारियों एवं नागरिकों द्वारा मेगा अभियान चलाकर 2000 से अधिक पेड़ मोक्षधाम परिसर में रोपित किए जायेगे। विदित हो कि एक वर्ष पूर्व शहर के कुछ पर्यावरण प्रेमी युवाओं ने इस मोक्षधाम को सँवारने का संकल्प लिया था। जिसको उन्होंने बिना किसी सरकारी सहायता के जनसहयोग के माध्यम से मोक्षधाम की दशा बदल कर इसे बालाघाट-सिवनी का सबसे खूबसूरत मोक्षधाम बना दिया हैं। आलम यह हैं कि जो लोग पहले मोक्षधाम में आने से डरते थे, वह लोग भी अब सुबह-शाम इस मोक्षधाम मे पेड़ों की ठंडी और ताजी हवा लेने आने के साथ ही यहाँ श्रमदान भी करते हैं।

### कार्यालय परिसर में आने-जाने वालों को हो रही परेशानी, पानी निकासी की नहीं हैं व्यवस्था

# तहसील कार्यालय परिसर में भरा बरसात का पानी



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर में अभी वर्षा का प्रकोप पूरी तरह से प्रारंभ भी नहीं हुआ हैं और थोड़ी सी वर्षा में ही तहसील कार्यालय का परिसर पानी से भरा हुआ नजर आ रहा हैं। जिससे तहसील कार्यालय में अपने विभिन्न कार्यो से आने वाले नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। यही नहीं कार्यालय में आने-जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को इस पानी से परेशानी उठानी पड़ रही हैं, लेकिन इसकी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से परिसर पानी से भरा हुआ हैं।

#### जर्जर हो चुकी हैं परिसर में बनी डामर सडक

तहसील कार्यालय वारासिवनी के प्रवेश द्वार से लेकर भवन तक डामर रोड बनी हुई हैं, वहीं शेष परिसर मिट्टी व मुरुम का बना हुआ हैं। प्रवेश द्वार से लेकर भवन तक बनी हुई डामर रोड जर्जर हो चुकी हैं और उसमें प्रवेश द्वार के पास ही गड्ढा हो गया हैं और मिट्टी-मुरुम के परिसर में भी वाहनों के आने-जाने के कारण गड्ढे बने हुए हैं।

#### परिसर में भर गया हैं पानी

पिछले 3-4 दिनों से थोड़ी-थोड़ी कर के हो रही वर्षा के कारण सडक़ व परिसर में बने हुए गड्ढों में पानी भर गया हैं। इस पानी की निकासी की कोई भी व्यवस्था नहीं होने और सूर्य देव के पूरे तेज से नहीं निकलने के कारण पानी सूख नहीं पा रहा हैं। इस पानी से तहसील कार्यालय में आने-जाने वाले वाहनों के गुजरने से पैदल चलने वाले ग्रामीणों के कपड़े खराब हो रहे हैं और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

#### दलदली परिसर बनने से दुर्घटना का अंदेशा

तहसील कार्यालय का मिट्टी-मुरुम का परिसर पानी के कारण दलदली बनता जा रहा हैं, जिससे वहाँ आने-जाने वाले वाहनों व नागरिकों का फिसलने व गिरकर चोटिल होने का खतरा बना हुआ हैं। यह स्थिति प्रतिवर्ष बनती हैं, लेकिन आज तक तहसील कार्यालय के अधिकारियों ने इस अव्यवस्था को ठीक करने का प्रयास नहीं किया हैं।

#### गड्ढे भरने बुलवाई गई हैं रेत व गिट्टी

वैसे इन गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी व रेत बुलवाई गई हैं। जिसके ढेर भी तहसील परिसर में नजर आ रहे हैं। लेकिन इनको गड्ढों में बिछाने का कार्य अभी प्रारंभ नहीं किया गया हैं। जिससे वहाँ से गुजरने वाले नागरिकों को परेशानी तो हो ही रही हैं, अधिकारी-कर्मचारीगण भी परेशान हैं।

### लांजी जनपद की घोटी पंचायत के जुनेवानी का मामला

# बिना सूचना तालाब को बना लिया गया खेत

## शासकीय योजनाओं को हितग्राही ही लगा रहे पलीता

### पहले योजना से बनवाया तालाब, अब उसी तालाब में कर रहे खेती

हरिभूमि न्यूज लांजी।



ग्रामीणों के लिए चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं को स्वयं हितग्राही ही पलीता लगा रहे हैं। ताजा मामला लांजी जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत घोटी के ग्राम जुनेवानी से सामने आया है। यहां हितग्राही महिला ने पहले मीनाक्षी तालाब योजना का लाभ लेकर अपने खेत में तालाब बनवाया। अब तालाब को पूरकर उसी में खेती की जा रही है। इस पूरे मामले में शासन की मीनाक्षी तालाब के नाम से स्वीकृत राशि पर बंदरबाट होना सामने आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जुनेवानी निवासी हितग्राही चम्हारीन बाई पति लक्ष्मीचंद के नाम से मीनाक्षी तालाब स्वीकृत किया गया था। जनपद के अधिकारियों के मौके पर तालाब निर्माण करवाए जाने की बात भी कही जा रही है। तालाब निर्माण के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना से स्वीकृत करीब डेढ़ से दो लाख रुपए की राशि भी खर्च कर ली गई है। लेकिन वर्तमान में मौके पर तालाब नदारत है। यहां हितग्राही ने धान की फ सल लगाई हुई है। वहीं विभागीय जानकारी अनुसार ग्राम जुनेवानी में उक्त तालाब 2020-21 में ग्राम जुनेवानी निवासी श्रीमती चम्हारिनबाई पति लक्ष्मीचंद कबीरे के नाम पर स्वीकृत हुआ था जिसकी लागत राशि 3 लाख 96 हजार 224 रूपये थी।

**तीन माह में गायब हुआ तालाब:** इस मामले में ग्राम सरपंच श्रीचंद कामड़े के अनुसार विगत तीन माह पूर्व वे ग्राम जुनेवानी गए थे। तब मौके पर तालाब यथावत था। अब चूंकि मौके पर तालाब नहीं होना बताया जा रहा है तो इसके बारे में हितग्राही से जानकारी ली जाएगी। ग्राम के जागरूकजनों की माने तो तीन माह में तालाब गायब नहीं हो सकता है। तालाब निर्माण के नाम पर औपचारिता निभा कर शासकीय राशि पर बंदरबाट कर लिया गया है। परिणाम स्वरूप मौके पर तालाबनुमा कुछ नजर नहीं आता है।

**जांच में सामने आएगी सच्चाई:** जागरूजनों की माने तो जुनेवानी ही नहीं बल्कि लांजी क्षेत्र में बनाए गए अधिकांश मीनाक्षी तालाबों में निर्माण के नाम पर औपचारिता निभाई गई है। तालाब निर्माण के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया गया है। कारण यहीं है कि अधिकांश तालाब में पानी संग्रहण ही नहीं हो पाया और बुझकर खेत में परिवर्तित हो गए हैं। चम्हारीन बाई भी स्वयं से राशि खर्च कर तालाब को पूरकर खेत बनवाने में सक्षम नहीं है। पूरे मामले में तकनिकी जांच हो तो सच्चाई सामने आएगी।

#### इनका कहना है

मीनाक्षी तालाब से कुछ लाभ नहीं हो रहा था। मछलियां भी मर रही थी। तालाब धीरे-धीरे धसक रहा था। कुछ माह पूर्व ही जेसीबी की मदद से तालाब को पुनरू खेत में परिवर्तित कर लिया है, वहां फसल उगाने का कार्य कर रहे हैं।

**राजकुमार कबीरे, हितग्राही का पुत्र**

आपके द्वारा यह बात बताई जा रही है। हितग्राही से जानकारी ली जाएगी। अगर तालाब को पाटकर खेत में तब्दील किया गया है, तो जवाब मांगा जाएगा। नोटिस देकर हितग्राही को प्रदाय की गई राशि की रिकवरी कराई जाएगी।

**श्रीचंद कामड़े, सरपंच ग्राम पंचायत घोटी**

आपके द्वारा मामले को संज्ञान में लाया गया है। ग्राम पंचायत को नोटिस भेजकर मामले की जानकारी ली जाएगी तथा हितग्राही द्वारा ऐसा कृत्य किया गया है तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

**मनीष शेंडे, सीईओ जनपद पंचायत लांजी**

### ग्राम सिरेगांव में राह इतनी खराब कि पैदल चलना भी मुश्किल

# कीचड़ और गड्ढे में तब्दील सड़क, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**हरिभूमि न्यूज लांजी**। लांजी तहसील की ग्राम पंचायत सिरेगांव के वार्ड क्रमांक 7 से वार्ड क्रमांक 9 तक जाने वाली लगभग एक किमी सड़क में ग्रामीणों को कीचड़ भरी सड़क से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। बारिश पूर्व सड़क मरम्मत का कार्य नहीं कराए जाने के कारण गांव के मुख्य मार्ग की हालत बदतर हो गई है। जिस पर अब बारिश के कारण कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है। कहीं-कहीं तो घुटनों- घुटनों पानी भरा और कीचड़ नजर आता है। आवाजाही के लिए मुख्य मार्ग पर करीब एक किमी मीटर तक रास्ता कीचड़ में तब्दील है। रास्ते में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां कीचड़ पसरा है। जिसके कारण लोगों को सड़क मार्ग से निकलने में काफी परेशानी हो रही है। इसके बावजूद भी पंचायत द्वारा सड़क निर्माण नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है की अगर पंचायत इस ओर ध्यान देती और समय से पहले रोड पर गड्ढों की भराई हो जाती तो आज यह स्थिति नहीं होती। इसी रास्ता का उपयोग सभी ग्रामवासी करते हैं। वहीं गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



**स्कूली बच्चों को हो रही ज्यादा परेशानी:** ग्राम पंचायत सिरेगांव में वार्ड क्रमांक 7 से 9 तक जाने वाले इस मार्ग में प्राथमिक शाला भवन भी है जहां लगभग 2 दर्जन से अधिक बच्चे अध्यन करते है परंतु शाला पहुंचने में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते कई बच्चे बारिश के दिनों में स्कूल जाने से कतराते है। वहीं प्राथमिक शाला सिरेगांव में रसोईया का कार्य करने वाली महिला हस्तकला मड़ामें ने बताया की शासन के नियमानुसार 26 बच्चों के भोजन बनाने के लिये दो महिलाओं की आवश्यकता होती है परंतु सड़क खराब होने की वजह से स्कूल में दर्ज संख्या मात्र 24 है ऐसे में किसी एक रसोईया महिला का काम बंद कराया जा सकता है जिसकी जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ ग्राम पंचायत होगी। वहीं काम से बंद होने पर उनके सामने रोजी रोटी का संकट आ जाएगा।

**ग्राम में मूलभूत समस्याएं भी बरकरार :** खराब और कीचड़ से भरी सड़क से परेशान ग्रामीणों ने बताया की पूरे ग्राम में समस्याओं की भरमार है वहीं समस्याओं से अवगत कराने के लिये जब भी वे पंचायत कार्यालय जाते है उन्हें केवल तिरस्कार ही मिलता है। ग्राम के कई वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है तो कहीं पर नालियों की सफाई नहीं हो रही है परंतु सरपंच सचिव और जीआरएस कोई ग्राम विकास से कोई सरोकार नहीं है। वहीं ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक अपने पद का दुरूपयोग करते हुए पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूब चुका है। पंचायत से मिलने वाली शासकीय दस्तावेजों के लिये भी रोजगार सहायक श्री देशमुख द्वारा हितग्राहियो से राशि की मांग की जाती है।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालाघाट**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शासकीय महावद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम में दूसरे दिन विद्यार्थियों ने किया परिसर का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी**। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिन 2 जुलाई 2024 को 09 बजे से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम संयोजक कृष्णा पराते, सहसंयोजक नरेंद्र कुमार डोंगरे एवम् समस्त गठित सदस्यों के नेतृत्व में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह में सर्वप्रथम 09 बजे महाविद्यालय के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती माता के पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीयन प्रक्रिया द्वारा किया गया। सर्वप्रथम डॉ एस एस गेडाम प्रशासनिक अधिकारी द्वारा भौतिक विभाग, शैक्षणिक विनियम और दिशा निर्देश सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। छात्रवृत्ति हेतु डॉ मिथिलेश्वरी घोरमारे, डॉ पूर्णिमा कुमरे तथा प्रकाश कठाने उपस्थित रहे। आपके द्वारा गांव की बेटी योजना, अल्पसंख्यक, नेशनल स्कॉलरशिप, प्रतिभा किरण योजना, पोस्ट मेट्रिक छात्र वृत्ति अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



# धमकी देकर नाबालिग से बलात्कार करने वाले आरोपी को मिली 20 वर्ष की सजा

**नाबालिग पीड़िता उम्र 16 वर्ष दिनांक 28-6-2022 के सुबह करीब 7.00 बजे स्कूटी से पलारी कोचिंग जा रही थी,जैसे ही वह ग्राम रैकापार पहुंची तो देखी कि अक्षय ठाकुर पिता सिताप सिंह ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी देहवानी तथा अजय कुमार बाहेश्वर पिता राधेश्याम बाहेश्वर उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बारवाह मोटर सायकल से उसका पीछा करने लगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पलारी बस स्टैंड के पास रोककर उसे अक्षय ने वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए भीमगढ डैम जाने के लिये मजबूर किया और पिडिता को उन्होंने मोटर सायकल में बैठाकर भीमगढ डैम लेकर गये। अक्षय ने धमकी देते हुए पीड़िता के साथ बलात्कार किया तथा अजय भी बलात्कार करने की कोशिश करने लगा तो पीड़िता ने आत्महत्या करने की बोली तो उन्होंने उसे मोटर सायकल में बैठाकर पलारी छोड़ दिये, घर आकर पीड़िता ने घटना की जानकारी उसके माता-पिता को दी और चौंकी छींदा थाना केवलारी में घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, पुलिस ने अपराध क्रमांक 380/22 धारा 341, 363, 376, (2)(छ),376(d) भादवि धारा 5g, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबंद्ध कर विवेचना मे लिया। प्रदीप कुमार भौरे, मीडिया सेल प्रभारी/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, सिवनी ने बताया कि विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष पाक्सो न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शासन कि ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमति दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा गवाह एवं सबूतों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया,माननीय न्यायालय द्वारा गवाहों एवं सबूतों से सहमत होते हुए दिनाँक 5।7।24 को निर्णय पारित करते हुए आरोपीगण अक्षय ठाकुर एवं अजय कुमार को 20-20 वर्ष की सजा तथा 3100-3100 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार, तीन घायल, जबलपुर से गोंदिया जा रहे थे

**लखनादौन थाना अंतर्गत खेरे शिकारा ग्राम के समीप दोपहर के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां कार अनियंत्रित होकर पटल गई। इस हादसे मे 3 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक कार में सवार होकर 5 लोग जबलपुर से गोंदिया जा रहे थे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



मदद से घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया।

जब वह खेरे शिकारा ग्राम के समीप पहुंचे तो कार क्रमांक **MP** 66 **C** 5591 अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 3 लोगो घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी। जिसके बाद एम्बुलेंस में लोगो की जहां उनका उपचार किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रहे हैं और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। साथ ही घायलों के संबंध में जानकारियां भी जुटाई जा रही है। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत धुर्वे ने बताया कि खेरे शिकारा के पास एक बेगनार वाहन अनियंत्रित होकर पलटने की जानकारी मिली थी।

## सड़क पर पड़े बिजली के तारों में फंसकर एक व्यक्ति गंभीर घायल

जिले के किंदरई थाना अंतर्गत धनवाही के पास शुक्रवार शाम के समय एक हादसा हो गया। जहां सड़क पर पड़े बिजली के तारों में फंसकर एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति बाइक में कहीं जा रहा था जब वह किंदरई थाना के अंतर्गत धनवाही गांव के पास पहुंचा। तो सड़क में गिरा बिजली के तार पर फंसने से बाइक फिसल गई और व्यक्ति संतोष बरकड़े उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी। जिसके बाद घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगों का आना-जाना अधिक होता है। यदि हादसे के समय अन्य वाहन आते होते तो बड़ा हादसा हो सकता था।घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है। किंदरई थाना प्रभारी जीएस राजपूत ने बताया कि रास्ते में पड़े तार के कारण एक बाइक सवार के घायल होने की जानकारी मिली थी। घायल को प्राथमिकता उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया किया गया है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# जिले में पहली बार इस्कॉन सिवनी द्वारा 12 जुलाई को निकाली जायेगी भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जगन्नाथ रथ यात्रा भारतीय समाज की सबसे प्रमुख पौराणिक परंपराओं में से एक है, जिसे हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण त्योहारों में गिना जाता है। यह त्योहार मुख्य रूप से ओडिशा के पुरी नगर में मनाया जाता है, जहां भगवान जगन्नाथ के तीन रथ द्वारा उनकी यात्रा का आयोजन होता है। इस बार इस्कॉन सिवनी द्वारा सिवनी जिले में इस यात्रा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है, जो इस क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक है।

इस्कॉन सिवनी द्वारा आयोजित जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन 12 जुलाई को होगा। यात्रा की शुरुआत दोपहर 2 बजे छिंदवाड़ा चौक से की जाएगी और यह भाजपा कार्यालय में समाप्त होगी। यह आयोजन इस क्षेत्र में पहली बार हो रहा है, जिसे सिवनी जिले के लोग उत्साह से स्वागत कर रहे हैं।

## धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

जगन्नाथ रथ यात्रा भारतीय समाज में विभिन्न परंपराओं का प्रतीक है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और भगवती सुभद्रा की प्रतिमाएं उत्सव के दौरान रथ पर बिठाई जाती हैं और उन्हें जनता खींचती है। यह यात्रा धर्म, भक्ति और सामाजिक समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है, जो लोगों को एकजुट करती है और समूचे क्षेत्र में एक पौराणिक अनुभव प्रदान करती है।

इस अद्वितीय समारोह में भाग लेने के लिए सिवनी जिले के सभी लोगों को निमंत्रण जारी है। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने और उनकी आराधना करने का अद्वितीय मौका है। सभी श्रद्धालुओं से यह अनुरोध है कि वे इस अत्यंत महत्वपूर्ण यात्रा में भाग लेकर इसे सफल और यादगार बनाने में सहायक हों।

# जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 20 जुलाई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उज्जैन में आयोजित की गई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तर्ज पर आगामी 20 जुलाई को जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव-2024 का आयोजन किया जायेगा। मध्यप्रदेश इंडसट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित की जाने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में देश-विदेश के उद्यमी तथा केंद्र एवं प्रदेश के मंत्रीगणों का आगमन प्रस्तावित है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में होगी।



कॉन्क्लेव का आयोजन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एवं इनफार्मेशन सेंटर में किया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश में टेक्सटाइल, माइनिंग, डिफेंस एवं एग्रीकल्चर जैसे विभिन्न निवेश क्षेत्रों में नवीन अवसरों पर चर्चा की जायेगी। इसी क्रम में शुक्रवार 05 जुलाई को कमिश्नर श्री अभय वर्मा द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत सहित अन्य अधिकारियों की वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी कलेक्टरों से उनके जिलों में उद्योगों के विकास तथा निवेश के क्षेत्रों की संभावनाओं पर चर्चा की तथा जबलपुर में आयोजित होने वाले रिजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में इच्छुक उद्यमियों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए।

## एमएलबी स्कूल की प्रभारी प्राचार्य बनी अमिता बांगरे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यालयीन आदेश क्रमांक 7105 दिनांक 10.10.2023 के अनुसार विद्यालय संचालन व्यवस्था, प्राशसनिक नियंत्रण एवं स्थानीय मदों के संचालन हेतु प्राचार्य पद की पूर्ति होने / आगामी आदेश तक श्रीमति रश्मि नगरिया उच्च माध्यमिक शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य म.ल.बा.शा.क.उ.मा.वि.सिवनी का दायित्व सौंपा गया था ।

संस्था में पदस्थ श्रीमति अमिता बांगरे व्याख्याता अवकाश उपभोग उपरान्त अपने कर्तव्य पर उपस्थित हो चुकी हैं। अतः श्रीमति रश्मि नगरिया उच्च माध्यमिक शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य के दायित्व से मुक्त करते हुए विद्यालय संचालन व्यवस्था, प्राशसनिक नियंत्रण एवं स्थानीय मदों के संचालन हेतु प्राचार्य पद की पूर्ति होने/आगामी आदेश तक श्रीमति अमिता बांगरे व्याख्याता को प्रभारी प्राचार्य म.ल.बा.शा.क.उ.मा.वि.सिवनी का दायित्व सौंपा जाता है।

## मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना, किसान कल्याण योजना तथा गैस रिफिल अनुदान राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभार्थी के खाते में किया अंतरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार 05 जुलाई को टीकमगढ़ जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न योजना के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण कर बधाई दी।

- जिले में भी जिला स्तर, विकासखंड एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए कार्यक्रम

उन्होंने प्रदेश की 1.29 करोड़ ‟लाड़ली बहना योजना” की लाभार्थी महिलाओं को 1574 करोड़ रूपये की राशि 14वीं किस्त के रूप में अंतरित की। इसी तरह 24 लाख से अधिक लाड़ली बहनों गैस रिफिल अनुदान राशि के रूप में 41 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 81 लाख से अधिक किसानों को प्रथम किस्त के रूप में 1630 करोंड़ रूपये की राशि के साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 55 लाख हितग्राहियों को 330 करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि का भी सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया।

इस कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में सिवनी जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बैनगंगा लॉन में किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही। इसके साथ-साथ एनआईसी कक्ष सिवनी में भी अधिकारी-कर्मचारियों तथा विभिन्न योजना के अधिकारियों ने कार्यक्रम के लाईव प्रसारण को देखा एवं सुना। इसके अतिरिक्त जिले के 8 विकासखंड में विकासखंडस्तरीय कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में आयोजित किए गए। वहीं ग्राम पंचायत स्तर में कार्यक्रम के लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया।

# आर.सी.टी. सेंटर सिवनी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर सह वृक्षारोपण कार्यक्रम

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में शुक्रवार 5 जुलाई 2024 को आर.सी.टी.सेंटर सिवनी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उक्त शिविर में श्री बलवीर सिंह धाकड़ जिला न्यायाधीश सिवनी द्वारा नालसा अंतर्गत योजना बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा योजना, बाल अपराध विषय पर विस्तृत जानकारी दि गई। शिविर में उपस्थित श्रीमती अर्चना यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना, पाक्सो एक्ट, महिला हिंसा,संविधान के मूल अधिकार, पाक्सो एक्ट के विषय पर जानकारी दि गई।विधिक साक्षरता शिविर के साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री बलवीर सिंह धाकड़ जिला न्यायाधीश सिवनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण, भारतीय वन अधिनियम के प्रावधानों के सम्बन्ध में जानकारी दी

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय उगली एवं कनक फाऊंडेशन द्वारा किया गया पौधारोपण

**उगली।** सरकार द्वारा चलाई जा रही अतिमहत्वपूर्ण योजना वृक्षारोपण कार्यक्रम के तारतम्य में शासकीय माध्यमिक विद्यालय उगली एवं कनक एजुकेशन वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम के गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधियों शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र छात्राओं सामाजिक संगठनों कर्मचारियों पत्रकारों की भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा वंदना कर शाला परिसर में समस्त सम्माननीयों द्वारा अशोक,आम ,जामुन,शीशम, आंवला, अमरूद, एवं अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए गए। तत्पश्चात शिक्षा एवं वृक्षारोपण पर संगोष्ठी आयोजित किया जाकर सेवा निवृत्त अध्यापक सर एलडी हनवत द्वारा बताया गया दस पुत्रों से भी श्रेष्ठ एक पेड़ होता है। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद जैन द्वारा बताया गया पीपल एवं वटवृक्ष चौबीस घंटे आक्सीजन देते हैं जो पर्यावरण को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रकुमार कटरे जी ने भी पौधारोपण के महत्व को समझाया। मंडल अध्यक्ष संजय उईके द्वारा सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही समस्त पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। वहीं मेडिकल एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय भगत द्वारा बताया गया कि मैं अपने परिसर में 70 पौधे का पौधारोपण किया है। अंत में जन शिक्षा केन्द्र उगली के जनशिक्षक राजेश तिवारी द्वारा बताया गया कि पेड़ पौधे ही हमारे जीवनदाता हैं। जिससे संसार का भरण-पोषण होता है जिसे हर भारतीय को पालन करना चाहिए। कनक एजुकेशन वेलफेयर फाउण्डेशन के डायरेक्टर प्रभाकर बिसेन ने बताया कि हमारा संगठन निःशुल्क ट्युशन प्रदान विगत वर्षों से करता आ रहा है एवं जलवायु हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने में समस्त सम्माननीयों से अपेक्षा रखता है। प्रभारी प्रधानपाठक महेश भोयर द्वारा सम्माननीय अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन किया गया। कार्यक्रम में समस्त जनशिक्षा केन्द्र उगली के शिक्षक शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिक, ग्राम पंचायत उगली सरपंच पुष्पलता पोचाटे, सचिव छत्रपाल टेम्भ्रे, पत्रकार बंधु, कनक फाऊंडेशन के सदस्य गण, छात्र छात्राओं , रसोईयों की उपस्थिति प्रार्थनीय रही।



## धूमा थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान हुआ सम्पन्न

महान विचारक योग प्रवर्तक और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर आज धूमा थाना पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिस पर स्टाफ के सभी कर्मचारियों ने अपनी-अपनी महत्वपूर्ण भूमिका एवं पर्यावरण को शुद्ध वातावरण बनाने के लिए आज थाना परिसर में कुछ फलदार वृक्ष लगाए गए जिस पर20 से 25 वृक्ष लगाकर थाना परिसर में स्वच्छ हवा और वातावरण बना रहे एवं वृक्षों की देखरेख के लिए स्टाफ के द्वारा उन पौधों को देखरेख के लिए भी जिम्मेदारी ली गई एवं पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल से एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के अंतर्गत परिसर में लगाए जाने वाले पौधों की संख्या ज्ञात कर दो दिवस में पौधारोपण के संबंध में कल्याण शाखा पुलिस मुख्यालय को अवगत कराने एवं एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के संबंध में आज धूमा थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें वृक्षारोपण की मुख्य भूमिका ए एस आई सौरभ शर्मा एवं उनके समस्त स्टाफ के द्वारा वृक्षारोपण किया गया रवि यादव सतीश ठाकुर जितेंद्र सोनी दिलराज सिंह राधे कृष्ण उपाध्याय भगवानदास उईके नेक सिंह उईके रघुवीर इनवाती सिंह अरुण सिंह बी डी कुमरे एवं प्रेस प्रतिनिधि शुदीप तिवारी उत्तम सेन के द्वारा भी लगाया गया वृक्ष एवं ये रहे मौजूद।

## पांच दिवस में होगा निर्माण कार्य प्रारंभ

# प्रशासन से लिखित आश्वासन लेकर ही समाप्त किया आंदोलन

**युवा कांग्रेस द्वारा ग्राम बिहिरिया जमुनिया एवं महुआ टोला के जर्जर हो चुके मार्ग को लेकर युवा कांग्रेस एवं ग्रामीणों द्वारा 24 घंटे का लगातार सत्याग्रह 6 जुलाई 2024 को सुबह 11:00 बजे युवा कांग्रेस नेता ओम उपाध्याय के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया जैसे ही सत्याग्रह आरंभ हुआ युवा कांग्रेस नेता ओम उपाध्याय ने 24 घंटे उपवास की घोषणा कर दी जैसे ही प्रशासन को खबर लगी प्रशासन के हाथ पांव फूल गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जबकि एक दिवस पूर्व से ही आंदोलन ना हो इसके भर्षक प्रयास किया लेकिन उसके पश्चात भी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता नहीं माने वह अपनी मांग के लिए अड़े रहे और सत्याग्रह में बैठ गए उसके पश्चात आंदोलन में शामिल श्री राजा बघेल ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे को मामले की जानकारी दी जिससे मामले की गंभीरता को समझते हुए दोनों नेताओं ने तुरंत ही सिवनी कलेक्टर को दुरभाष से संपर्क कर सड़क निर्माण की प्रक्रिया तुरंत कराने को कहा और पूरा प्रसाशन दल बल के साथ आंदोलन स्थल पर पहुँचा इसके साथ ही युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह भी लगातार नजर बनाए हुए थे वो लगातार पल पल की जानकारी ले रहे थे सुबह आंदोलन जैसे ही सत्याग्रह प्रारंभ हुआ प्रशासन हरकत में आया और बंडोल थाने के प्रभारी अपना थाने के सिपाहियों को लेकर सत्याग्रह स्थल पर पहुँचे और आंदोलन बंद करने का दवाब बनाने लगे तब कांग्रेस नेता राजा बघेल एवं युवा कांग्रेस नेता ओम उपाध्याय की जबरदस्त बहस थानेदार से हुई और आख़रिकार प्रशासन जब हर तरीके से दवाब बनाने के बाद आंदोलन कारियो को नहीं उठा पाया तब जाकर और डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार नायक तहसीलदार थाना प्रभारी संपूर्ण प्रशासन आंदोलन स्थल पर पहुँचा और पुनः बातचीत के माध्यम से आंदोलनकारीयो को बहलाता रहा लेकिन आंदोलन लिखित आश्वासन के लिए अड़े रहे तब प्रशासन को सत्याग्रह के सामने झुकना पड़ा और लिखित आश्वासन डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार नायब तहसीलदार ने लिखित आश्वासन दिया की पांच दिवसों के अंदर इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा तब सभी सत्याग्रह होना आंदोलन को समाप्त किया इस आंदोलन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका AICC राष्ट्रीय प्रतिनिधि श्री राजा बघेल,लूघरवाडा सोसायटी अध्यक्ष शिव सनोडिया,युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष आदित्य मोंटू भूरा,युवा कांग्रेस सचिव राकेश बघेल,जिला पंचायत सदस्य नितिन डेहरिया,जिला पंचायत सदस्य रीना टेकराम बरकड़े,जनपद सदस्य रतन बरकड़े,
सुनील बघेल,पूर्व सरपंच जयनाथ बघेल, कोमल सिंह बघेल,अशोक बघेल, उपसरपंच जगदीश नांदेकर,हरि चंद्रवंशी,संतोष चंद्रवंशी, जीत सिंह बघेल,वीरेंद्र बघेल,भुवनेश्वर चंद्रवंशी, श्यामलाल जंघेला एवं समस्त युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# एक पौधा माँ के नाम के तहत किया पौधरोपण

**केवलारी जिले के ब्लाक मुख्यालय केवलारी की ग्राम पंचायत अलोनी खापा के ग्राम पोताल पानी मे वन विभाग की टीम शिक्षा विभाग की टीम के साथ मध्य प्रदेश जन अभियान की टीम द्वार एक पेड माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

जिसमे ब्लाक समन्वयक अशोक बेन्द्रे , माँ रेवा ग्रामोत्थान नवांकुर समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार , परामर्श दाता मोति राम हरदुवा , बालक राम डेहरिया ,रामक्रष्ण डेहरिया , शिक्षा विभाग से शिक्षक रामनरेश आर्मो , बाल सिंग काकोडिया , पूनम सिंग भलावी , कोमल गिरी गोस्वामी , शंकर सिह उईके , रवि कुमार कुमरे , अजय कुमार चौरसिया , ओमकार सिह उईके , सुमन रहांगडाले , आशा डोगरे , वनपाल अभिनीत उपाध्याय के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## क्या है अभियान

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को बचाने के लिए देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील की. पीएम मोदी ने मन की बात के 111वें एपिसोड में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया.इस दौरान पीएम मोदी ने अपील की सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरुर लगाएं. क्योंकि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता मां का होता है. हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है. मां हर दुख सहकर अपने बच्चे का पालन पोषण करती है. हर मां अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है. जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता.मां के सम्मान में लगाएं एक पेड़ :पीएम मोदी इसके लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर एक खास अभियान शुरू किया . इस अभियान का नाम-एक पेड़ मां के नाम है. इस अभियान के तहत पीएम मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम पर लगाया है.साथ ही देशवासियों से दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं. इस अभियान के बाद मां की स्मृति और उनके सम्मान में पेड़ लगाने का सिलसिला तेजी से बढ़ रहा है ।

# निरक्षरता देश के लिए कलंक इसे मिटाना साक्षरों की जिम्मेदारी -महेश बघेल डीपीसी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** निरक्षरता हमारे देश के लिए सबसे बड़ा कलंक है और इस कलंक को मिटाना हर पढ़े-लिखे साक्षर की जिम्मेदारी है उक्त विचार जिला परियोजना समन्वयक श्री महेश बघेल द्वारा निरक्षरता उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी में आयोजित साक्षरता सह समन्वयकों,जन शिक्षकों एवं संकुल प्राचार्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कार्यक्रम में व्यक्त किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020के अंतर्गत प्रोढ़ साक्षरता को सबके लिए शिक्षा के साथ जोड़ा गया है। 15 से अधिक आयु वर्ग के सभी निरक्षर इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। शालेय शिक्षा के माध्यम से जहां हमें हमारे बच्चों को शिक्षित करना है वही सामाजिक चेतना केन्द्रों के माध्यम से निरक्षरों को भी साक्षर करते हुए संपूर्ण समाज को साक्षर बनाना है। बीआरसीसी श्री कपिल बघेल ने कहा कि इस कार्यक्रम में चुनौतियां बहुत हैं लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सामाजिक कर्तव्य एवं स्वयंसेवी पवित्र भाव के साथ सब मिलकर कार्य कराना होगा। विकासखंड साक्षरता सह समन्वयक श्री संतोष सूर्यवंशी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों, साक्षरता की नवीन परिभाषा, निरक्षर, अक्षर साथी ,जन चेतना केंद्र ,अध्ययन केंद्र एवं अक्षर साथियों की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कक्षा संचालन का तरीका एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन में प्रशासनिक जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। NILP एप के माध्यम से किस प्रकार निरक्षरों एवं अक्षर साथियों का पंजीयन किया जावेगा तथा अन्य आंकड़ों की प्रविष्टि से संबंधित तकनीकी जानकारी जन शिक्षक श्री जी पी सिंगोर द्वारा विस्तार से रखी गई। इसी प्रकार प्रशिक्षण कार्यशालाएं जन शिक्षा केंद्रों एवं ग्राम वार नोडल केंद्रों में भी आयोजित की जावेंगी।

**खबर संक्षेप**

### मिशन शक्ति अंतर्गत महिला एवं बाल अधिकारों से कराया परिचित

**बालाघाट।** संकल्प हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ़ वुमन अंतर्गत चलने वाले 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत शनिवार को मिशन शक्ति अंतर्गत महिला एवं बाल अधिकारों की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत दीप सिंह ठाकुर, हब नोडल श्रीमती दीपमाला मंगोडिया के मार्गदर्शन में विवेक ज्योति स्कूल बालाघाट, माध्यमिक शाला सोनपुरी, एकीकृत हाई स्कूल बिठली बैहर में बाल अधिकार, बाल अपराध, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चो से जुड़े उपबंध के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

### दूसरे चरण में चार अन्य स्कूलों की एसडीएम करेंगे जांच

# अभिभावकों पर किताबों का बोझ नहीं पड़े एमआरपी पर छूट मिलें, प्रबंधन सुनिश्चित करें



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को स्कूल संचालकों के साथ दूसरे चरण की बैठक की। दूसरे चरण में उन स्कूलों को बुलाया गया जो पहले शेष रह गए थे। साथ ही वे स्कूल जिन्होंने ऑनलाइन इंट्री नहीं कि थी। शनिवार को करीब 19 स्कूलों के साथ विस्तृत रूप से ड्रेस, फीस, पुस्तकें और अन्य प्रबंधन के विषयों पर जानकारी ली गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्कूल वार पृथक-पृथक रूप से बैठक कर स्पष्ट रूप से कहा कि अभिभावकों पर किताबों का बोझ नहीं पड़ना चाहिए। अगर किताबें या पब्लिशर लगातार बदली जा रही है और चुनिंदा बुक स्टोर्स पर ही मिल रहीं है तो एमआरपी पर छूट मिलनी चाहिए। यह सुनिश्चित कराना संबंधित स्कूल प्रबंधन का ही कार्य है। बैठक के दौरान किताबों, फीस,सीबीएसई के नाम पर अभिभावकों को गुमराह करने वाले स्कूल और स्कूल से ही किताबें देने वाले स्कूलों की जांच के निर्देश दिए है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय, डीपीसी डॉ. महेश शर्मा और ट्रेसरी ऑफिसर अमित मरावी मौजूद रहे।

#### जांच में इन स्कूलों को किया शामिल

शनिवार को हुई बैठक में 4 स्कूलों की जांच के निर्देश कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दिए है। इनमें वैदिक कॉन्वेंट स्कूल लालबर्रा, डीपीएस खुरसोड़ी, शैमरॉक और ग्रीस पब्लिक स्कूल शामिल है। वैदिक पब्लिक स्कूल ने वर्ष 2021 में पुस्तको के पब्लिशर बदला था। इसके बाद 2024 में भी बदल दिया। जबकि बदले हुए पब्लिशर की किताबें चुनिंदा बुक स्टोर्स ओर ही उपलब्ध है। वहीं स्कूल प्रबंधन को यह भी जानकारी नहीं है कि एमआरपी पर छूट दी गई है या नहीं ? कुछ ऐसा ही मामला खुरसोड़ी की डीपीएस स्कूल का भी है।

शैमरॉक स्कूल को एमपी बोर्ड की मान्यता है लेकिन अभिभावकों को सीबीएसई की मान्यता होने की गलत जानकारी दी गई। मान्यता के नाम पर गुमराह करने के मामलें में अभिभावकों द्वारा शिकायत की गई है। इसकी जांच करने के लिए एसडीएम को नियुक्त किया गया है।

#### ग्रीस पब्लिक स्कूल रजेगांव की शिकायत प्राप्त हुई

ग्रीस पब्लिक स्कूल की लिखित में शिकायत में प्राप्त हुई कि स्कूल से ही किताबें मिल रही है। स्कूल द्वारा प्रदान की जाने वाली किताबों की कीमत भी तय है। इस मामलें में भी कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए है।

## एसपी-कलेक्टर ने पुलिसकर्मियों को नए कानूनों की जानकारी दी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 1 जुलाई से लागू किए गए नए कानूनों की जानकारी देने के लिए शुक्रवार को मुख्यालय के जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला अभियोजन अधिकारी कपिल डहेरिया ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को नए कानून के बारे में जानकारी दी। तीन कानूनों के व्यावहारिक उपयोग को लेकर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी समीर सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एडीएसपी, एसडीओपी मौजूद रहे।

कार्यशाला में जिला अभियोजन अधिकारी कपिल कुमार डेहरिया ने तीनों कानूनों को तुलनात्मक और व्यावहारिक दृष्टि से उदाहरणों के साथ अधिकारियों को समझाया। उन्होंने कहा कि पहले आईपीसी 1860 लागू था। जिसे अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, सीआरपीसी-1973 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ( बीएनएसएस) और एविडेंस एक्ट 1872 को भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नाम से जाना जाएगा।

## एक पेड़ मां के नाम और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर हुआ पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

एक पेड़ मां के नाम और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर 06 जुलाई 2024 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय सहित शाखाओं, समिति और राशन दुकानो के सैकड़ो अधिकारी, कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का परिचय दिया। डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर व बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी. पटले के नेतृत्व में पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम बैंक मुख्यालय में बैंक सीईओ श्री पटले द्वारा कदम, प्रबंधक लेखा पी. जोशी ने रूद्र पलाश, विपणन अधिकारी आर.के. असाटी ने आंवला, फील्ड अधिकारी राजेश नगपुरे द्वारा कचनार, सारंग बिसेन ने आम का पौधा लगाया गया। इसके साथ ही अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने नीम, अमरूद आदि का पौधा




लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली गई। इसके साथ ही शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा बालाघाट आशीष मिश्रा, लांजी प्रकाश साहू, रामपायली आई.आर. भगत, साडरा मोरेश्वर फुण्डे, परसवाड़ा अनिरूद्ध वागदे, लामता ऋषि बिसेन, भानेगांव अशोक भवरे, खमरिया दीपक देशमुख, अमानत शाखा श्रीमती लता गौतम, किरनापुर सुनील राहंगडाले, डोंगरमाली ऋषि हरिनखेड़े, तिरोड़ी ओमकार सहारे, कटंगी बी.आर. लिल्हारे, खैरलांजी मुकेश ठाकरे, बैहर दिलीप रामटेके, लालबर्रा राजेश दुबे, वारासिवनी व्ही.पी. मिश्रा, अमानत शाखा बालाघाट श्रीमती लता गौतम, बिरसा सहित शाखा मलांजखण्ड द्वारा शाखा परिसरो और अन्य स्थानों में अलग-अलग प्रजाति के पौधारोपण किया गया तथा समिति स्तर, राशन दुकानो के सैकड़ो अधिकारियों, कर्मचारियों ने अभियान के तहत पौधारोपण कर जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर पर सृजल शाक्य, श्रीमती सीमा दुबे, सतीश कोरी, धनेन्द्र कटरे, आशीष खोब्रागढ़े, श्वेता दहले, रौनक चौकसे, नेहा मण्डलोई, प्रतीक कुण्डले, नेहा माहुले, अमरेश परिहार, रूपचंद लिल्हारे, सीमा खैरवार, संजय घुले, धनेन्द्र दमाहे, रंजू घोड़ेश्वर, कैलाश, अरूण, श्यामलाल, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

#### पेड़ो पर प्रकृति निर्भर करती है: सीईओ आर.सी. पटले

इस अवसर पर सीईओ आर.सी. पटले ने कहा कि पौधारोपण पुण्य का कार्य है, वृक्ष एक तरह से संतान की तरह ही हम सब की उम्रभर सेवा करते है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यदि प्रकृति को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाये तो गलत नही होगा। श्री पटले ने कहा कि पेड़ो पर प्रकृति निर्भर करती है। पौधा लगाना प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन है, एक पौधा लगाने से असंख्य जीव-जंतुओं के जीवन का उद्धार होता है और उसका पुण्य सहजता से हासिल होता है।

### 6 दिन की जान्हवी को जन्मजात हृदय रोग, प्रशासन की मदद से अब मुंबई में होगा इलाज

**बालाघाट।** जिला अस्पताल में जन्म 6 दिन बाद ही बच्ची का ऑक्सीजन लेवल गिरने से चितिंत डॉक्टरों ने जब गहनता से जांच कराई तो पता चला कि मासूम को जन्मजात हृदय रोग है। ये बीमारी कई बच्चों में ऐसे से किसी एक को होती है। परिवार गरीब था। इसलिए वह इस बीमारी का इलाज कराने में सक्षम नहीं था। इसकी जानकारी कलेक्टर डॉ. मिश्रा को मिलते ही बच्ची की जान बचाने जिला प्रशासन ने बच्ची को इलाज के लिए मुंबई भिजवाया है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में जन्मी बच्ची जान्हवी का ऑक्सीजन लेवल, अन्य जन्मे बच्चों जैसा सामान्य ना होकर कम था। शिशु रोग विशेषज्ञ के लिए बच्चे के जीवन से जुड़ी, यह समस्या घबरा देने वाली थी।

## नपाध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



बालाघाट में शनिवार को नगरपालिका और भाजपा नेताओं ने संयुक्त रुप से पार्टी के संस्थापक पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जापानी मियावाकी पद्धति से एक साथ 370 पौधे रोपे हैं।

नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने बताया कि भाजपा के आधार स्तंभ पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जयंती और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मियावाकी पद्धति से मोती तालाब की मेड़ पर 370 पौधों का रोपण किया गया है। हमारी नगर की जनता से अपील है कि वह पौधों के संरक्षण में नपा का सहयोग करें।

उद्यान शाखा प्रभारी प्रभात राहंगडाले ने बताया कि जापानी मियावाकी पद्धति से 120 फीट लंबे और 20 फीट चौड़े क्षेत्रफल में 370 पौधों का रोपण किया गया है। जिसमें रूद्राक्ष, बेलपत्र, लक्ष्मीतरू, कचनार, टिकोमा, ब्लू जकरण्डा, कदम, मौलकी, मुनगा, बाटल ब्रश, नीम, जामुन, आम, रूद्र पलाश, बोगनवेलिया, अमलताश, आम ग्राफ्टेड, जामुन ग्राफ्टेड और सिल्वर ओक प्रजाति के पौधे लगाए हैं।

इससे पहले इस पद्धति से भोपाल में 8 से 10 जगहों पर किया गया था। यह प्रयोग पूर्णतया सफल रहा है। इससे जहां मृदा क्षरण पर रोक लगती है। यह जल को संरक्षित भी करता है। इसमें लगे पौधे 8 से 10 महीनो में पूर्ण रुप से विकसित हो जाते हैं और इन पेड़ों की जड़े आपस में मजबूती से जुड़ी रहती है।

उन्होंने बताया कि मोती तालाब की मेड़ पर किया गया। यह प्रयोग यदि सफल रहता है तो नगर के अन्य स्थानों में भी इसे विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें पौधे बढ़ते क्रम से छोटे क्रम में लगाए जाते हैं। जिसमें पौधों को पेड़ों के रूप में विकसित करने के लिए धान की भूसी, पैरा, काली मिट्टी और गोबर की जैविक खाद का उपयोग किया जाएगा और नियमित रुप से पौधों की सिंचाई के साथ ही इसकी देखरेख भी की जाएगी।

बालाघाट नगर को हरा-भरा बनाने की दिशा में नगरपालिका ने जापानी मियावाकी पद्धति से शहर को हरित आवरण देने की दिशा में नई पहल की है। हालांकि एक महीने पहले 14 जून को नगरीय क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से से पौधारोपण के प्रथम चरण में इसी तरह मोती तालाब के पार में एक ही दिन में लगभग 218 पौधे रोपे गए थे।

## परिवहन जांच चौकियां बंद करने से बढ़ेगी बेरोजगारी : सम्राट

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

मध्यप्रदेश शासन के मंत्रालय परिवहन विभाग द्वारा अंतर्राज्जीय सीमाओं में संचालित परिवहन जांच चौकियों का संचालन दिनांक 30 जून,2024 को मध्य रात्रि को तत्काल प्रभाव से पूर्णतः बंद कर दिया गया है। जिसके साथ ही कम्प्यूटराईज्ड तौल कांटों का संचालन भी बंद कर दिया गया है। इस कारण से जांच चौकियों पर कंपनी के समस्त कर्मचारी (कम्प्यूटर ऑपरेटर, हाउसकीपिंग, इलेक्ट्रिशन, आई.टी. इंजीनियर एवं स्टाफ बेरोजगार हो गये है। सभी कर्मचारियों ने विगत 14 वर्षो से निरंतर अपनी सेवायें प्रदान की है। सभी कर्मचारी विवाहित है, एवं उनकी औसत आयु लगभग 40 वर्ष है। जिससे यह सभी कर्मचारी किसी भी शासकीय एवं अशासकीय एंजेसियों व अन्य जगह रोजगार मिलने के अवसर नगण्य है जिससे



समस्त कर्मचारियों पर अपने परिवार के पालन पोषण की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। उक्त एकीकृत सीमा जांच चौकी के कर्मचारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार से भेंट कर इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए शासन से बंद चौकियों को पुनः प्रारंभ करने की ओर ध्यान केन्द्रित करने का आव्हान किया है। उपरोक्त कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत होने के पश्चात सम्राट सरस्वार ने आश्वस्त किया है कि वह मध्यप्रदेश शासन का ध्यान इस ओर दिलाते हुए पुनः इस निर्णय पर विचार करने का आव्हान करेगें। क्योंकि इन चौकियों के बंद होने से बेरोजगारी बढेगी और जिन लोगों ने अपना आधा जीवन यहां की सेवा में व्यतीत कर दिया है उनके सामने पालन पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। अतः मानवीय आधार को ध्यान में रखते हुए इन कर्मचारियों की सेवायें किसी अन्य विभागों में ली जाये ताकि अचानक आदेश से इनके समक्ष उत्पन्न आर्थिक संकट का उचित समाधान निकाला जाये और इनके परिवार के पालन पोषण की जो समस्या है उसका भी समाधान हो सके।

### खबर प्रशासन पर भी नहीं जागा संबंधित विभाग, बड़ा गड्ढा हो सकता है जानलेवा

## बालाघाट-सिवनी मार्ग पर गड्ढों की भरमार, पटरियों का हाल बेहाल

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।**

बालाघाट सिवनी मार्ग पर गड्ढो की भरमार है मार्ग पर गड्ढे इतने खतरनाक हो चुके हैं कि राहगीरों को जान से भी हाथ गवाना पड़ सकता है फिर भी गड्ढो की मरम्मत करने संबंधित विभाग कोई प्रयास नहीं कर रहा है ऐसा लगता है मानो जैसे किसी अनहोनी घटना का इंतजार कर रहा है। लालबर्रा से लेकर कंजई घाटी तक मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं और पटरीयों पर तो चलना ही दुश्वार हो गया है। फिर भी जर्जर हुए मार्ग की मरम्मत करने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा कंजई पुराने बेरियर के पास वाले पुल में बीचों-बीच बड़ा गड्ढा दिखाई दे रहा है बारिश में पानी भरे रहने से गड्ढा बिल्कुल भी दिखाई नहीं देता जिससे दुर्घटना का अंदेशा है जानलेवा और खतरनाक हो चुके गड्ढो को तत्काल मरम्मत कराया जाना ही उचित होगा अन्यथा किसी अनहोनी घटना की गूंज जरूर सुनाई देगी, मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए बीते दिनों दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र जबलपुर द्वारा अपने अंकों में मार्ग की दुर्दशा पर समाचार का प्रकाशन किया था और संबंधित



विभाग का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया गया था पर नतीजा शून्य ही निकला, मार्ग बदहाल है। इसे मरम्मत की दरकार है संबंधित विभाग आम राहगीरों के सरल और सुलभ आवागमन के लिए मार्ग की जल्द मरम्मत कराए एक तरफ शासन परिवहन व आम रहागीरों के लिए सड़क के निर्माण और मरम्मत के लिए बड़ा पैकेज मुहैया कराती है ताकि इन्हें


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Satpura Bhoomi.pdf - 04 Jul 2024 - Page 4
पटरी बन रही आम राहगीरों के लिए मुसीबत
बालाघाट सिवनी मार्ग की नहीं हो रही मरम्मत, दिखाई दे रहे बड़े-बड़े गड्ढे

सरल और सुलभ आवागमन मिल सके परंतु ठेकेदारी प्रथा होने से मॉनिटरिंग के अभाव में लीपा पोती हो जाती है और ऐसे होता है शासकीय राशि का दुरुपयोग।

### ग्राम पंचायत भरवेली में अतिक्रमण पर की गई कार्यवाही

**बालाघाट।** शनिवार को ग्राम पंचायत भरवेली में अतिक्रमण पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जिसमें शाहिद खान पिता यूसुफ खान एवं शाहिद अहमद पिता फैज अहमद का शासकीय भूमि पर पाया गया अतिक्रमण एसडीएम गोपाल सोनी सर, नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा सर के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग, पुलिस बल व पंचायत अमले के द्वारा हटाया गया। बताया गया कि अतिक्रमणकर्ता ग्राम पंचायत भवन के प्रवेश मार्ग को अवरूद्ध कर रहे थे। इस भूमि का बाजार मूल्य लगभग 15 लाख रुपए है। इस दौरान तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार, नायब तहसीलदार वंदना कुशराम, टीआई कोतवाली प्रकाश वास्कले, टीआई भरबेली हेमंत शर्मा एवं ग्राम पंचायत सरपंच भरबेली की उपस्थिति रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक मुन्ना लाल डायरे के सम्मान में परिवार द्वारा भव्य कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

म. प्र. शिक्षक संघ बिरसा के तहसील अध्यक्ष हेमेन्द्र नेवारे तथा ब्लॉक अध्यक्ष एस. आर. उके के संयुक्त विज्ञप्ति मे बताया गया कि, गत दिवस मुन्नालाल डायरे उच्च श्रेणी शिक्षक एकीकृत माध्यमिक शाला कनिया की सेवानिवृत्ति पर उनके सम्मान मे डायरे परिवार द्वारा बालक माध्यमिक शाला दमोह मे भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके परिवार से सर्वश्री पी.आर. डायरे सेवानिवृत्त स्वास्थ्य विभाग सुपरवाइजर, श्रीमती प्रमीला डायरे, सतीस डायरे सब इंसपेक्टर बटालियन कनकी,श्रीमती डाली डायरे, श्रीमती सपना सपाटे, रुपचंद सपाटे, सुषमा धार्मिक,वेद धार्मिक,आशीष डायरे, सविता डायरे, श्रीमती उमा कारे, श्यामा बोन्दरे, ,रामेश्वर कारे, सुनिता कारे के अलावा सेवानिवृत्त सर्व पी.आर. डायरे स्वास्थ्य विभाग,विकास खण्ड अधिकारी संकुल प्राचार्य मोहबे जी, डिप्टी रेंजर बी. डी. खाण्डेकर, प्रधान पाठक मेघराज नगपुरे, उच्च श्रेणी शिक्षिका द्रोपती चौधरी,एवं प्रधान पाठक एस. पी. धुर्वे के आतिथ्य मे उक्त मंचासीन



अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात सेवानिवृत्त एम. एल. डायरे जी को तिलक, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आतिथ्य उदबोधन मे अतिथियों द्वारा डायरे जी के कर्मठता, समयबद्धता, मिलनसारिता, अनुशासन व सहयोग की सराहना करते हुये उनके इन गुणो को सभी के लिए अनुकरणीय प्रेरणास्त्रोत बताया गया! सम्मानित डायरे जी ने अपने उदबोधन मे कहा कि, मेरी शासकीय सेवा का सफर 19 दिसम्बर 1983 से 30 जून 2024 तक रहा। आपने विषम परिस्थितियों एवं अभावग्रस्त जीवन मे शिक्षा ग्रहण कर शासकीय सेवा मे पंहचे , आपकी प्रथम नियुक्ति शासकीय प्राथमिक विद्यालय उदयपुर जिला सरगुजा मे हुई थी जहां आप 19 दिसम्बर 1983 से 05 अगस्त 1994 तक पदस्थ रहे उसके बाद माध्यमिक शाला सलघट वि.खं. बिरसा मे 06 अगस्त 1994 से 06 जुलाई 1996तक रहे वहाँ से प्राथमिक शाला लोरमी मे 07 जुलाई 1996 से 21 मार्च 2012 तक सेवारत रहे वहाँ से पदोन्नत होकर आप एकीकृत माध्यमिक शाला कनिया मे 22 मार्च 2012 से 30 जून 2024 तक पदस्थ रहते सेवा निवृत्त हुये है। आपकी सफलतम सेवा अवधि 41 वर्षो तक सभी लोगों के स्नेह आर्शीवाद व सहयोग के लिए कृतज्ञता जाहिर करते हुये परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित होकर डायरे परिवार का मान सम्मान व गौरव बढाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री मोहबेजी व नगपुरेजी का भी सम्मान आपके सहमति से किया गया। तत्पश्चात डायरे दम्पति द्वारा परिसर मे वृक्ष रोपित किया गया। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने मे श्री झगडे सर की संगीत मय प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही सफल मंच संचालन श्री नीरज जैन व आभार बी.आर. बिसेन सरजी द्वारा किया गया। अंत मे सामुहिक प्रीति भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## जिला सहकारी बैंक: शाखावार वसूली की समीक्षा: परसवाड़ा, बैहर, बिरसा में वसूली में हुई वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत शाखा परसवाड़ा, बैहर, बिरसा के कर्मचारियों की बैठक 6 जुलाई को बैहर में आयोजित की गई। डा.गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर व बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान बैंक सीईओ आर.सी. पटले ने बताया कि परसवाड़ा, बैहर, बिरसा मे गत वर्ष की अपेक्षा अधिक वसूली हुई है। कालातीत, ओवरडीयू सदस्यो की सूची तैयार कर ले जिस पर कार्य करे। श्री पटले ने बताया कि क्रिस योजन अंतर्गत भी वसूली हुई है। इसके अलावा कृषि से संबंध गतिविधि अंतर्गत मध्यम कालीन ऋण स्वीकृति हेतु प्रकरण, रुपे केसीसी कार्ड, डेबिट कार्ड वितरण, कामन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री फसल बीमा, पैक्स समितियों के निरीक्षण, बैंक शाखा व पैक्स समिति के मध्य ऋण असंतुलन, पैक्स समितियों के शाखा में संधारित खातों के संचालन के एसएमएस, माइक्रो एटीएम के संचालन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर फील्ड अधिकारी राजेश नगपुरे, शाखा प्रबंधक दिलीप रामटेके, अनिरुद्ध वागदे, दीनदयाल ठाकरे सहित सुपर वाइजर, संस्था प्रबंधक और समिति कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित शाखा प्रबंधकों, संस्था प्रबंधकों ने अधिक वसूली के संबंध में बताया कि कर्मचारियों ने क्षेत्र में घर घर जाकर लगातार संपर्क किया गया जिसका परिणाम है कि इस वर्ष अधिक वसूली हुई हैं।

